54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.6° c
अधिकतम 23.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:00, सूर्यास्त - 6:06 | वर्ष : 54/ अंक : 43 | शनिवार, 13 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**
जब समस्याओं पर ध्यान लगाओगे तो लक्ष्य दिखना बंद हो जाएगा, जब लक्ष्य पर ध्यान लगाओगे तो समस्याएं दिखनी बंद हो जाएंगी।

भाजपा ने यूपी पुलिस की ऐसी हालत कर दी है, हथेली गरम-पुलिस नरम : अखिलेश यादव



ये तंज.... पुलिस पर है या सरकार पर?.......

# असली मुठभेड़ में मारा गया 50 हजार का ईनामी

## 1 पुलिस की वर्दी पहनकर आपराधिक वारदात करता था शाहपुर का निवासी अमजद

## 2 दरोगा व सिपाही गोली लगने से घायल, एसपी देहात की गाड़ी में भी लगी गोली

**बुढ़ाना, 12 फरवरी (बु.)।** तितावी व शाहपुर पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से ढेर हो गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश की गोली लगने से दरोगा व एक सिपाही जख्मी हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी देहात, सीओ बुढ़ाना व थाना प्रभारी को बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। एक गोली एसपी देहात की सरकारी गाड़ी में लगी है। मारा गया अमजद पुलिस की वर्दी में वारदात करता था। बदमाश के पास से एक 9 एमएम की कार्बाइन, एक पिस्टल, बाइक, लूट के जेवरात व मोबाइल बरामद हुए हैं। एसएसपी संजय वर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### राजस्थान में की थी 7.70 करोड़ की डकैती

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर का चालीस वर्षीय अमजद 2012 से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। अमजद पुलिस की वर्दी पहनकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था।2013 में उस पर मुजफ्फरनगर में गैंगस्टर एक्ट लगाया गया। अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जनपद चूरु, राजस्थान में 7 करोड़ 70 लाख रुपए के आभूषणों की डकैती व थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर में एक घर से लाईसेंसी कार्बाइन, रिवाल्वर, आभूषण व नगदी की चोरी जैसी घटनाएं कारित की गयी थी।

### ऐसे हुई बदमाशों के साथ मुठभेड़

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार देर रात बुढ़ाना पुलिस को बदमाशों के आने की सूचना मिली कि सूचना के आधार पर एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में बुढ़ाना, तितावी व शाहपुर पुलिस ने बुढ़ाना विझाना मार्ग रात्रि लगभग तीन चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने संदिग्धों को रोका तो भागने का रास्ता न देखकर बदमाशों द्वारा मोटरसाईकिल को रजवाहे की पटरी से नीचे उतार दिया तथा वहीं छोड़कर भागने लगे। एक बदमाश खड़ी फसल में घुस गया तथा दूसरा बदमाश पास ही बने एक खंडहर में घुस गया। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की घेरबन्दी की गयी तथा आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गयी। बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तथा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को जीवनरक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### दरोगा व दो सिपाहियों को लगी गोली

**मुजफ्फरनगर।** मुठभेड़ के दौरान बदमाश ने पुलिसवालों पर तब तक फायरिंग की, जब तक उसकी पिस्टल और कार्बाइन की गोलियां खत्म नहीं हो गईं। करीब 20 राउंड फायरिंग की। बदमाश की गोली लगने से दरोगा संदीप कुमार व सिपाही अशफाक गोली लगने से जख्मी हो गए। पुलिस बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। वही दोनों पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश पर 50 हजार का इनाम घोषित था। उस पर यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान व बिहार में लूट, हत्या व डकैती 40 अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ गजेन्द्र पाल सिंह व थाना प्रभारी सुभाष अत्री को बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी है।

### मारे गए बदमाश से यह सब हुआ बरामद

**मुजफ्फरनगर।** बदमाश से एक 9 एमएम की कार्बाइन, 10 जिन्दा व 10 खोखा कारतूस, एक पिस्टल .32 बोर मय 5 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस, 1 स्पलैण्डर मोटरसाईकिल (मु0अ0सं0- 459/2025 धारा 309(4) बीएनएस, थाना बुढ़ाना से संबंधित), 3 मोबाइल फोन, सोने व चांदी की अंगूठी (मु0अ0सं0- 10/2026 धारा 309(4),351(3) बीएनएस थाना बुढ़ाना से संबंधित), आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, 4370/- रुपये नगद बरामद।










# पांचवी पास सिलाई कारीगरों ने 85 करोड़ रुपये की ठगी कर कईयों की जेब उधेड़ी

**मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)।** आए दिन भाईजानों के नए-नए अपराध सामने आ रहे हैं मगर आम जनता की आंख खुलने को तैयार नहीं है। मुजफ्फरनगर के ही पांचवी पास सिलाई कारीगरों नदीम, गुफरान व अफसर राणा ने ऐसी ठगी को अंजाम दिया है, जिसे सुनकर आपक भी रौंगटे खड़े हो जाएंगे मगर फिर भी हम साइबर ठगी की चपेट में आने से शायद सावधान न हों। कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि चरथावल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ठगी का धंधा चल रहा है। इसी ठगी का खुलासा आज पुलिसलाइन में वार्ता कर एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने किया। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों तमिलनाडू के एक व्यापारी का डिजीटल अरेस्ट कर चार करोड़ रुपये की बड़ी रकम ठगी गयी, जहां से पता चला कि ठगी की रकम का कुछ हिस्सा मुजफ्फरनगर के विभिन्न बैंकों में कुछ संदिग्ध लोगों के खाते में आया है, जिसकी शिकायत प्रतिबिम्ब पॉर्टल पर की गयी तो पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ संदिग्धों के मोबाइल नम्बरों व बैंक खातों की धीमी गति से गहरी जांच की तो मामला खुलकर सामने आ गया।



एसपी क्राइम ने बताया कि इस मामले में चरथावल थाना क्षेत्र के कुटेसरा निवासी नदीम व गुफरान को मय सबूतों के गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ-साथ सुजडू निवासी मयूर अफजल राणा भी पकड़ा गया। अफजल राणा ने अपने नाम के आगे मयूर लगाया हुआ था। एसपी क्राइम ने बताया कि आरोपी गुफरान छह माह पूर्व सऊदी अरब से वापस लौटा और उसने अपने साथी नदीम के साथ साइबर ठगी का गिरोह तैयार कर लिया। आरोपियों ने देशभर से साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने शुरू कर दिये। देशभर में इन बैंक खातों पर 70 से अधिक शिकायतें मिली और इन खातों में ही 85 करोड़ रुपये की ठगी की रकम आई। इसके अलावा भी अभी साइबर क्राइम ब्रान्च अन्य कई शिकायतों पर जांच में जुटी हुई है। अभी यह रकम और भी बड़ी हो सकती है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल, एक चेकबुक व एक डायरी बरामद की है।

### घर बैठे-बैठे खाते खुलवाने पर पांच प्रतिशत कमीशन देते थे तीनों भाईजान

**मुजफ्फरनगर।** नदीम गुफरान व अफजल राणा नए-नए ग्राहकों को तैयार करते थे और उन्हें यह बताकर कि सिर्फ तुम खाता खुलवाओ, उसमें कुछ रकम आएगी और जितनी रकम आएगी उसका पांच प्रतिशत खाता खुलवाने वालों को दे दिया जाएगा। इसी लालच में गरीब व्यक्ति आ जाते और धड़ाधड़ खाते खुलवाते चले जाते। एसपी क्राइम ने बताया कि पिछले दो माह में अलग अलग खातों में सात लाख रुपये की रकम ट्रांसफर की गयी थी और अफजल राणा खातों से प्राप्त रकम को कमीशन काटकर उनमें से निकाल लेता था जिसके बाद वह धनराशि से क्रिप्टो करेंसी भी खरीदता था। आरोपियों ने चरथावल क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ अपने परिजनों के खातों में भी यह धनराशि मंगाई हुई थी। पुलिस अभी और तहकीकात में जुटी है। उक्त मामले में अभी कई राजफाश होने बाकी हैं।

# चरथावल क्षेत्र बना साइबर ठगों की काली कमाई ठिकाने लगाने का सेफ जोन

**चरथावल, 12 फरवरी (बु.)।** जनपद का चरथावल क्षेत्र अब संगठित साइबर अपराध के एक चिंताजनक केंद्र के रूप में उभर रहा है।यह इलाका देश के कोने-कोने से की गई ऑनलाइन ठगी की करोड़ों रुपये की रकम को ठिकाने लगाने का एक सुरक्षित 'गढ़' बन चुका है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस गंभीर गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद चरथावल पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

चरथावल थाना क्षेत्र में एक बड़ा और सक्रिय रैकेट काम कर रहा है जो गरीब मजदूरों और भोले-भाले ग्रामीणों को लालच देकर उनके बैंक खातों का इस्तेमाल 'अवैध धनशोधन' के लिए कर रहा है।अवैध कारोबार का नया तरीका यह है कि रैकेट मुख्य रूप से गरीब मजदूरों को निशाना बनाता है। उन्हें थोड़े से पैसों का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाए जाते हैं और रैकेट के सदस्य गरीब मजदूरों को 30,000 तक का मामूली किराया या कमीशन देते हैं। इसके बदले में उनके एटीएम कार्ड, पासबुक और चेकबुक अपने कब्जे में ले लिए जाते हैं। इन खातों को म्यूल अकाउंट्स के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। देशभर में सक्रिय लोन फ्रॉड, ऑनलाइन निवेश फ्रॉड और अन्य साइबर ठगी करने वाले गिरोह ठगी गई रकम सीधे इन 'किराए' के खातों में भेजते हैं। साइबर एक्सपर्ट्स के अनुसार, अवैध रूप से ट्रांसफर की गई यह राशि कुछ ही घंटों के भीतर एटीएम या अन्य डिजिटल माध्यमों से निकाल ली जाती है। इस त्वरित निकासी के कारण साइबर अपराधी आसानी से अपनी अवैध कमाई को 'सफेद' बनाकर सुरक्षित ठिकाने लगा पाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस गोरखधंधे में चरथावल क्षेत्र के चरथावल, कुटेसरा, न्यामू और दधेडू गांव के दर्जनों युवक शामिल हैं। ये युवक चंद रुपयों का लालच देकर भोले-भाले लोगों को फंसा रहे हैं और बदले में मोटा कमीशन कमाकर 'वारे-न्यारे' कर रहे हैं। इतना बड़ा अवैध नेटवर्क सक्रिय होने के बावजूद, चरथावल पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि पुलिस की यह निष्क्रियता इन साइबर ठगों को खुली छूट दे रही है, जिसके चलते वे बेखौफ होकर भोले-भाले ग्रामीणों के खातों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### पुलिस की चुप्पी से ठगों के हौसले बुलंद

# शामली बस अड्डे पर खड़ी दो बसों में भयंकर आग

**मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)।** गुरूवार की रात एकाएक उस समय शामली बस अड्डे पर हड़कम्प मच गया, जब आग की ऊंची-ऊंची लपटें आसमान छूती दिखी। शामली बस स्टैंड के पीछे के निवासियों ने मौके पर जाकर देखा तो दो बसों में भयंकर आग लगी हुई पाई गयी। आग इतनी भयावह थी कि ऐसा लग रहा था कि मानों यह आग घंटों तक नहीं बुझ पाएगी। थोड़ी देर के लिए यह भी अफवाह फैली कि उक्त गाड़ियां सीएनजी की हैं। मगर जब अग्निशमन विभाग की गाड़ियां सूचना के बाद मौके पर पहुंची तो उन्होंने त्वरित कार्यवाही कर आग पर काबू पाने का काम किया। आग बुझाने तक दोनों गाड़ियां आग में पूरी तरह स्वाह हो चुकी थी जबकि आसपास खड़ी चार से पांच गाड़ियों पर आग की लपटें पहुंच चुकी थी। जांच में पता चला कि दोनों गाड़ियां डीजल चलित थी। स्वयं मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने मीडिया को पूरी जानकारी दी। मीडिया ने उनसे सवाल पूछा कि उक्त बस अड्डे पर अवैध गाड़ियां भी खड़ी हुई हैं व आग बुझाने के लिए कोई अग्निशमन यंत्र यहां मौजूद नहीं है तो इस पर उन्होंने जांच की बात कही। बड़ी बात यह रही कि उक्त गाड़ियों से कोई जनहानि नहीं हुई। समाचार लिखे जाने तक अग्निशमन अधिकारियों को बसों में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया था। इनमें से एक गाड़ी के मालिक का नाम पवन काम्बोज तथा दूसरे का नाम जलीस अहमद बताया गया है।






### पांच में ही खड़ी थी सीएनजी की गाड़ियां, हो सकता था बड़ा हादसा

**मुजफ्फरनगर।** हादसे के समय शामली बस स्टैंड पर आग से स्वाह हुई दो गाड़ियों के आसपास अन्य कई गाड़ियां मौजूद थी, जिनमें कुछ गाड़ियां सीएनजी की भी थी। यदि आग सीएनजी गाड़ियों तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि शामली अड्डे के पीछे की ओर सारा आबादी क्षेत्र है और अड्डे के आसपास कुछ छोटे मैकेनिक भी दुकानों में ही सोते हैं। शुक्र यह रहा कि इस बड़े हादसे में किसी की जान नहीं गयी।

# कंपनी बाग में हरे पेड़ों के कटान का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

## नगर विकास सचिव, डीएम, एडीएम ई, ईओ व परियोजना प्रबंधक समेत 6 को बनाया पार्टी

**मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)।** मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग में हरे पेड़ों के कटान का मामला अब कोर्ट तक जा पहुंचा है। वन विभाग की जांच में दोष सिद्ध होने और प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश के बावजूद भी पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने पर भाजपा नेता वार्ड सभासद राजीव शर्मा ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

बता दें, नगरपालिका परिषद के अधीन मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग में हरे-भरे पेड़ों के उखाड़े जाने का मामला फिर से नया तूल पकड़ता जा रहा है। 13 अक्टूबर 2025 की सुबह कम्पनी बाग में प्रातः भ्रमण के लिए पहुंचे लोगों ने देखा कि कई हरे-भरे पेड़ जड़ से उखड़े पड़े हैं। इस पर्यावरणीय क्षति को देख, लोगों में आक्रोश फैल गया। मौके पर हंगामा और प्रदर्शन समेत दोषियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग के बीच पालिका की बोर्ड बैठक में सभासद राजीव शर्मा ने चेयरपर्सन और ईओ के समक्ष मुद्दा उठाते हुए इसे अत्यंत गंभीर बताते हुए सदन में प्रकरण रखा और निष्पक्ष जांच की मांग की। बाद में अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर सीएंडडीएस जल निगम नगरीय द्वारा कम्पनी बाग में कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ ही वन अधिकारी को पत्र लिखकर काटे गए पेड़ों का मूल्यांकन कराया। प्रारंभिक रिपोर्ट में 3 पेड़ों के कटान की पुष्टि होने के आधार पर संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। सभासद ने मामले में लीपापोती का आरोप लगाते हुए शासन में शिकायत दर्ज कराई और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट को गलत बताते हुए पालिका वाटिका प्रभारी डॉ. अजय प्रताप शाही पर भी गंभीर आरोप लगाए। सभासद की उक्त शिकायत पर वन विभाग ने फिर से जांच की, जिसमें पूर्व में हुई मूल्यांकन रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण पाया और ईओ को संबंधित आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, तो सभासद ने 6 फरवरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। इस याचिका में नगर विकास विभाग सचिव, डीएम, एडीएम, चेयरपर्सन, ईओ व कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को पार्टी बनाया गया। सभासद की ओर से अधिवक्ता अनित कुमार पाल और योगेश कुमार सक्सेना ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देते हुए कहा कि अंतरिम आदेश जारी कर प्रतिवादी संख्या एक, अर्थात नगर विकास सचिव, को मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई तय करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही प्रतिवादी 6, यानी सीएंडडीएस जल निगम नगरीय परियोजना प्रबंधक के खिलाफ विधिक कार्रवाई के आदेश दिए जाएं। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया कि कंपनी बाग में हरे पेड़ों को काटने व उखाड़ने की कथित गैरकानूनी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। याचिकाकर्ता वार्ड सभासद राजीव शर्मा का कहना है कि कंपनी बाग में हरे-भरे पेड़ों का कटान एक ऐसा गंभीर अपराध है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट में याचिका पर जल्द ही सुनवाई की उम्मीद है।



**शोक संदेश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥







अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पिता जी
**श्री अशोक कुमार गर्ग जी** (सुपुत्र स्व. शान्ति स्वरूप जी)
का स्वर्गवास रविवार, 1 फरवरी 2026 को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
**रस्म पगड़ी आज दिन- शुक्रवार, 13 फरवरी 2026**
हवन- प्रातः 08:00 बजे | ब्रह्मभोज- दोपहर 12:00 बजे | रस्म पगड़ी- दोपहर 02:00 बजे
स्थानः- मयूर महल, लिंक रोड, निकट आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**-: शोकाकुल परिवार :-**

ईश्वर स्वरूप गर्ग-आशा (भाई-भाभी)
भारत भूषण गर्ग-रीता (भाई-भाभी)
रेखा (पत्नी स्व. डॉ. इरविन गर्ग ) (भाभी)
नवनीत गर्ग-अनिता (भाई-भाभी)
एवं गर्ग परिवार

अंकित अग्रवाल- नीतू (पुत्र-पुत्रवधू)
सौरभ अग्रवाल- स्वाति (पुत्र-पुत्रवधू)
विशाल (हैप्पी)- गरिमा (पुत्र-पुत्रवधू)
मुकुल गर्ग- सौम्या (पुत्र-पुत्रवधू)
अनन्त, आहान, विहान, शनाय (पौत्र)
शनाया, हशिका, समायरा, मेधांशी (पौत्री)

**प्रतिष्ठान :-**

DLS Papers Pvt. Ltd. (MZN)
Shree Paper Mills (ROHTAK)
Agarwal Mill Store (MZN)
Akiva Industries Pvt. Ltd. (MZN)

निवास:- 123/7, उत्तरी सिविल लाईन, रेलवे स्टेशन के सामने, मुजफ्फरनगर (उ. प्र.)
M:. 9927689000, 9927082000, 9837923000

